# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

## पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 6 जुलाई, 2009 (आषाढ़ 15, 1931)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.31 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के गायन से प्रारम्भ हुई.

### 2. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री माखनलाल जाटव, सदस्य विधान सभा, सर्वश्री अर्जनदास, होमी एफ.दाजी, दाऊ हनुमंत सिंह, रामलखन सिंह, मदन गोपाल सिंह, चिरोंजीलाल सोनकर, बलवीर खनूजा एवं नरसिंहदास गोयल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा तथा श्री हबीब तनवीर, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किये गये।

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष, सर्वश्री रामलखन सिंह, लक्ष्मण तिवारी, डॉ. गोविन्द सिंह, चौधरी राकेश सिंह, श्री आरिफ अकील, सदस्यगण, श्री राघवजी, वित्त मंत्री, एवं श्री पारस दादा एवं श्री गिरीश गौतम, सदस्यगण ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोक संतप्तजन के प्रति संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.09 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 7 जुलाई, 2009 (आषाढ़ 16, 1931) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक स्थगित की गई।

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**